जिला कार्यालय, बाँका

दीपक कुमार, बि०शि०से०
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
(प्रा०शि० एवं समग्र शिक्षा, बाँका)
मोबाईल न0–8544411049

J.P.S.Complex, 1st floor,
Katoriya Road, Banka-813102
Phone/fax No- 06424-221636/35
email – bepbanka@gmail.com

के0जी0बी0भी0 कर्मियों के नियोजन संबंधी सूचना।

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के पत्रांक–4834, दिनांक–19.07.23 द्वारा के0जी0बी0भी0 कर्मियों हेतु दिये गए नियोजन निदेश के आलोक में (1) वार्डेन सह शिक्षिका, (2) अंशकालिक शिक्षिका, विज्ञान एवं गणित, (3) अंशकालिक शिक्षिका, सामाजिक विज्ञान, (4) अंशकालिक शिक्षिका, भाषा, (5) लेखापाल सह सहायक पद हेतु वाह्य एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये गए जिला बांका हेतु चयन सूची के अभ्यर्थियों का कांउसिलिंग का कार्य दिनांक–31.07.23 एवं 01.08.23 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयोजित है।

अतएव चयन सूची के अभ्यर्थी ससमय अर्हत्तानुरूप सभी मूल प्रमाण–पत्र की दो प्रति स्वअभिप्रमाणित, 02 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ ससमय कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना, बांका में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही Counselling में स्वघोषित एक घोषना पत्र प्रस्तुत करेंगे कि "मेरे द्वारा दिये गये सभी प्रमाण पत्र सही एवं वैध है, गलत या फर्जी प्रमाण पत्र पाये जाने की स्थिति में कानूनी कारवाई के लिए विभाग स्वतंत्र रहेगा"। निर्धारित अवधि के पश्चात् आपका दावा स्वतः समाप्त समझा जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही अभ्यर्थी की होगी।

Kumar 26/7/23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, बाँका।

ज्ञापांक :–एस0एस0ए0 / 1649 बांका, दिनांक 26/07/2023

प्रतिलिपिः–एम0आई0एस0 प्रभारी, बी0ई0पी, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। इस निदेश के साथ कि सूचना को बी0ई0पी0 के वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु अपलोड करेंगे।

प्रतिलिपिः–राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, के0जी0बी0भी0, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित। इस अनुरोध के साथ राज्य के नियोजन संबंधी वेबसाईट पर प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

Kumar 26/7/23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, बाँका।

D:\office data\MGT\press suchna kgbv niyogen.docx